जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक / जीविवि / परीक्षा–2 / गोपनीय / 2017 / 702 **दिनांक : 07.06.2017**

प्रति,

विभागाध्यक्ष,
समस्त अध्ययनशाला,
जीवाजी विश्वविद्यालय,
ग्वालियर (म0प्र0)

विषयः–स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा जून 2017 के आयोजन के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयांतर्गत लेख है कि विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 13.06.2017 से अध्ययनशालाओं में संचालित स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर (सी.बी.सी.एस.–पाठ्यक्रम) की परीक्षायें आयोजित कराये जाने हेतु परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की बेवसाईट पर अपलोड किया जा चुका है। किन्तु कुछ अध्ययनशालाओं के छात्रों द्वारा विश्वविद्यालय कार्यालय में उपस्थित होकर परीक्षा कार्यक्रम स्थगित एवं संशोधित कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये जा रहे हैं। साथ ही कुछ ऐसे छात्र भी विश्वविद्यालय कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर रहे हैं जिन्हें दिनांक 18.06.2017 को नेट की परीक्षा में सम्मिलित होना हैं।

अतः समस्त अध्ययनशालाओं के विभागाध्यक्ष को सूचित किया जाता है कि यदि उनके विभाग के छात्र किसी परीक्षा में सम्मिलित हो रहे है तो वह छात्रों के आवेदन पत्र, जिस परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते है का परीक्षा आवेदन पत्र / प्रवेश पत्र संलग्न करने के उपरांत ही अग्रेषित कर सील के साथ विश्वविद्यालय कार्यालय में प्रस्तुत करें। तत्पश्चात् विश्वविद्यालय परीक्षा कार्यक्रम में संशोधन करने पर विचार करेगा।

परीक्षायें दिनांक 13.06.2017 से ही प्रारंभ होगी। बिना विभागाध्यक्ष के सूचना के किसी भी परीक्षा कार्यक्रम में कोई भी परिवर्तन सम्भव नहीं होगा।

परीक्षा कार्यक्रम में संशोधन कराने के पश्चात् परीक्षा परिणाम में हुई देरी के जिम्मेवार स्वंय छात्र / विभागाध्यक्ष ही होगें। विश्वविद्यालय किसी भी प्रकार से इसके लिये उत्तरदायी नहीं होगा।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–

1. **कुलपति के सचिव , जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।**
2. **कुलसचिव के निज सहायक–जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।**
3. **डॉ0 एस.के. गुप्ता, कार्डिनेटर सी.बी.सी.एस. पाठ्यकम, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।**

सहायक–कुलसचिव (परीक्षा / गोपनीय)